20-02-2024 को रोज़गार मेले का आयोजन

CC&PC Iqac 20 Feb, 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में दिनाँक 20 फ़रवरी 2024 को रोज़गार मेले के अंतर्गत "जोब कोच डॉट् इन" चंडीगढ़ की एक एजेंसी ने महाविद्यालय के 51 विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया ।ये सभी विद्यार्थी बी.ए तथा बी. कॉम. फ़ाइनल में पढ़ रहे हैं। इंटरव्यू से पहले एजेंसी से आये उर्मिला, अरिजीत व दिव्या ने विद्यार्थियों को संबोधित किया । इसके उपरांत एक-एक कर सभी विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया गया । इनमें से कुछ विद्यार्थियों को आश्वासन दिया गया कि उनकी अंतिम परीक्षाओं के पश्चात् उन्हें टेलीफ़ोन के द्वारा अगले चरण के लिए आमंत्रित किया जाएगा । उसमें चयनित होने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में रोज़गार के अवसर प्रदान किए जाएँगे । लीडिंग मल्टीनेशनल कंपनियों में रोज़गार पाने के लिए विद्यार्थियों मे इंटरव्यू देने के लिए बड़ा उत्साह व जोश देखा गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अनीता ठाकुर ने प्लेसमेंट एजेंसी से आयी उर्मिला एवं उस के साथियों का विद्यार्थियों को इस प्रकार के अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रोफेसर जगमोहन ठाकुर के तत्वावधान में इस सारी प्रक्रिया को पूरा किया गया । इस अवसर पर डॉक्टर राजन कौशल, डॉक्टर सुध्यान नेगी, प्रोफ़ेसर दिनेश , प्रोफ़ेसर सुदेश कुमार, प्रोफ़ेसर कृष्ण, डॉक्टर मोलम डोलमा, प्रोफ़ेसर रीमा शर्मा, प्रोफ़ेसर प्रियंका ,शम्भूनाथ एवं संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।